Weekly/ Fortnightly/ Monthly Test on ……….

Name: ……………………………………

Class & Section: ………………………

Roll No.: ………………………………..

Subject: …………………………………

……

रेखांकित वाक्यांशों को ध्यान से देख कर पदबंध निर्णय करें:

1. वर्षों पहले जब यह गांव पूरी तरह बसा भी नहीं था, कहीं से एक संत आकर **इस स्थान पर** झोपड़ी बनाकर रहने लगे थे ।
   a) क्रिया पदबंध
   b) सर्वनाम पदबंध
   c) क्रिया-विशेषण पदबंध
   d) क्रिया पदबंध
2. इफ़्फ़न **टोपी की कहानी** का एक अटूट हिस्सा है।
   a) सर्वनाम पदबंध
   b) क्रिया-विशेषण पदबंध
   c) क्रिया पदबंध
   d) संज्ञा पदबंध
3. हमें डर लगता कि किसी की **छाती की पसली** ही ना तोड़ डाले।
   a) विशेषण पदबंध
   b) संज्ञा पदबंध
   c) क्रिया-विशेषण पदबंध
   d) क्रिया पदबंध
4. इसके बावजूद उनका मन **शंकालु और बेचैन** हो गया।
   a) विशेषण पदबंध
   b) संज्ञा पदबंध
   c) क्रिया-विशेषण पदबंध
   d) इनमे से कोई नहीं
5. कुछ तो हाथ पांव हिलाते **गहरे पानी में चले जाते**।
   a) सर्वनाम पदबंध
   b) संज्ञा पदबंध
   c) क्रिया-विशेषण पदबंध
   d) क्रिया पदबंध
6. **विदेश से आये अतिथियों में कुछ** हिंदी जानते हैं।
   a) संज्ञा पदबंध
   b) सर्वनाम पदबंध
   c) क्रिया पदबंध
   d) विशेषण पदबंध

7. **<u>परेशानी में उलझा हुआ वह</u>** मेरी कोई मदद नहीं कर पाया।

a) संज्ञा पदबंध
b) विशेषण पदबंध
c) क्रिया पदबंध
d) इनमे से कोई नहीं

8. **<u>सबका कल्याण करने वाले आप</u>** सचमुच महान हैं।

a) विशेषण पदबंध
b) सर्वनाम पदबंध
c) क्रिया पदबंध
d) (b) और (c)

9. **<u>नित्यप्रति की तरह</u>** मोहन बैठक में शामिल होने चला गया।

a) संज्ञा पदबंध
b) सर्वनाम पदबंध
c) क्रिया पदबंध
d) क्रिया-विशेषण पदबंध

10. **<u>उपवन में खेलते शिशु</u>** फूल तोड़ डालते हैं।

a) संज्ञा पदबंध
b) सर्वनाम पदबंध
c) क्रिया पदबंध
d) विशेषण पदबंध

उत्तर एवं स्पष्टीकरण

1. (c) 'इस स्थान पर' शब्द-समूह क्रिया की विशेषता बता रहा है।
2. (d) यहाँ टोपी की कहानी वाक्यांश में, अंतिम और प्रधान पद 'कहानी' संज्ञा है।
3. (b) यहाँ 'छाती की पसली' वाक्यांश में, अंतिम और प्रधान पद 'पसली' संज्ञा है।
4. (a) 'शंकालु और बेचैन' वाक्यांश संज्ञा मन की विशेषता बता रहा है।
5. (d) 'गहरे पानी में चले जाते' पदबंध एक क्रिया का कार्य कर रहा है।
6. (b) 'विदेश से आये अतिथियों में कुछ' वाक्यांश इकाई के रूप में एक सर्वनाम का कार्य कर रहा है।
7. (d) 'परेशानी में उलझा हुआ वह' वाक्यांश इकाई के रूप में एक सर्वनाम का कार्य कर रहा है।
8. (b) 'सबका कल्याण करने वाले आप' वाक्यांश इकाई के रूप में एक सर्वनाम का कार्य कर रहा है।
9. (d) 'नित्यप्रति की तरह' वाक्यांश से हमें यह पता चल रहा है कि क्रिया कब हो रही है।
10. (a) यहाँ 'उपवन में खेलते शिशु' वाक्यांश में, अंतिम और प्रधान पद 'शिशु' संज्ञा है।